
# मिशन शिक्षण संवाद





# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ



## काव्य मंजरी

### शैक्षिक कविताओं का संकलन

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## अलास्का की धारा

01

पृथ्वी का घूमना समुद्री सतह पर तेज हवा बहना,
विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग तापमानों का होना।
चन्द्रमा का गुरुत्वाकर्षण व जल के खारेपन में अन्तर होना,
इन कारणों से महासागरीय-धाराओं का बनना।।



महासागरीय धाराएँ महासागरों के अन्दर होती हैं,
निश्चित दिशा में उष्ण या शीतल नदियाँ होती हैं।
निरन्तर गति से जल, सागर का बहता दिखता,
इन धाराओं के विभिन्न रुप व गतियाँ होती हैं।।

एक शाखा उत्तरी प्रशांत महासागरीय प्रवाह की,
उत्तरी-अमेरिका के पश्चिमी तट की।
जो कि अलास्का की खाड़ी में चली जाती है,
अलास्का तट के सहारे-सहारे प्रवाहित होती है।।

इस धारा को अलास्का की गर्म धारा कहते हैं,
इसके गर्म होने से वहाँ के तट भी गर्म रहते हैं।
महासागर के जल सतत निर्देष्ट दिशा में बहते हैं,
इसी प्रवाह को महा सागरीय धारा कहते हैं।।



रचना- जितेन्द्र कुमार (स०अ०)
प्रा० वि० धनौरा सिलवर नगर- 1
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## हम्बोल्ट (पेरु) धाराएँ

02







धाराएँ महासागरों के अन्दर,
बहने वाली उष्ण व शीतल नदियाँ है।।
महासागर का जल निरन्तर बहता,
जिसमें विभिन्न रुप नियमित गतियाँ हैं।।
पीरु धारा प्रशान्त महासागर में,
ठण्डे जल की महासागरीय धारा होती।।
जो दक्षिणी अमेरिका के पश्चिमी तट के,
दक्षिण से उत्तर दिशा में प्रवाहित होती।।
हम्बोल्ट धारा सबसे बड़ी सहायक,
दुनिया की मत्स्य पालन की देखी जातीं।
इसकी ठण्डी धारा के कारण पैंग्विन की,
कुछ प्रजाति ध्रुवों फर मिल जातीं।।
तट से सागर की ओर जाने के कारण,
धाराओं का तापमान बढ़ता जाता।।
विषुवत रेखीय क्षेत्रों से ध्रुवों की तरफ,
जलधाराओं का पानी गरम होता।।




रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
संवि० पूर्व मा० विद्यालय- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## अगुलहास धारा


03

महासागरों के अंदर भी,
बहती है जल की धारा।
इसी सतत प्रवाह को कहते,
हैं महासागरीय धारा।।



पश्चिमी 'हिन्द महासागर' की,
पश्चिमी सीमा धारा है।
अफ्रीका के तट तक जाती,
वह "अगुलहास" की धारा है।।

पश्चिमी सीमा धाराओं में,
सबसे बड़ी धारा है यह।
गरम-गरम जल बहता जिसमें,
संकीर्ण तेज धारा है वह।।




सम्पूर्ण विश्व में एगुलस के,
नाम से भी जानी जाती।
हिन्द महासागर में जो,
नदी रूप में बहती जाती।।



रचना- पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
धनीपुर, अलीगढ़

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## गल्फ़ स्ट्रीम

04

उत्तरी अन्ध महासागर से उत्पन्न,
होकर बहती यह जलधारा।
मेक्सिको की खाड़ी उद्गम इसका,
पाया नाम खाड़ी की धारा।।



उत्तरी अमेरिका और पश्चिमी यूरोप,
तटों का तापमान बढ़ाती धारा,
गर्म जल से बनी यह,
विश्व की सबसे तेज जलधारा।।

उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की,
और तीव्रता बढ़ा देती यह धारा।
ब्रिटेन-आयरलैंड की जलवायु को,
सुखद बना देती यह जलधारा।।

हवा के तीव्र तनाव को,
संचालित करती यह धारा।
वैश्विक मौसम को सबसे,
ज्यादा प्रभावित करती जलधारा।।

रचना
दीपिका जैन (स०अ०)
प्रा० वि० बनगवां
सालारपुर, बदायूँ



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ



### प्रशान्त महासागर

05

प्रशान्त महासागर से अनेक,
धाराएँ प्रवाहित होती हैं।
प्राकृतिक बनावट जल, तल,
दिशा से परिवर्तित होती हैं।।



यह विश्व का सबसे गहरा सागर,
है अध्ययन से पता चलता है।
धरती धूर्णन, पवन, दिशा से,
इनका तापमान बदलता है।।

प्रशान्त महासागर से ठंडी,
और गर्म धाराएँ निकलती हैं।
कुछ आगे जाकर यह धाराएँ,
अनेक धाराओं में बदलती हैं।।



सागरीय जीवन के लिए,
धाराएँ बहुत महत्व रखती हैं।
जीव जन्तु के आहार और,
जीवन यापन का स्रोत बनती हैं।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ



### कैलिफोर्निया की धारा

06

विश्व की प्रमुख जलधाराओं,
में ये प्रमुख है जलधारा।
प्रशान्त महासागर से निकली,
ठण्डी-ठण्डी जलधारा।।



उत्तरी विषुवतीय रेखा,
धारा से है मिल जाती।
कैलिफोर्निया की धारा,
है दुनिया में कहलाती।।

यह धारा जब दक्षिण से,
बहती बढ़ती है पेरू देश।
आसपास के जल का बढ़ता ताप,
मछली पालन में हो कठिनाई विशेष।।

संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित,
कैलिफोर्निया सुन्दर राज्य।
उत्तरी प्रशान्त महासागर से,
बहकर जो दक्षिण को जाय।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू०मा० वि० स्योढ़ा,
बिसवाँ, सीतापुर








# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## क्यूरोशियो की धारा - जापान

07

महासागरीय जल की गति में,
धाराएँ है प्रमुख गति ।
निश्चित दिशा में बहने वाली,
ठंडी- गरम महासागरीय नदी।।

प्रशान्त महासागर की प्रमुख धारा,
क्यूरोशिया की गर्म यह धारा है।
गहरे नीला रंग होने के कारण,
कहलाती यह काली धारा है।।




पछुआ पवनों के प्रवाह से,
पूर्व की ओर मुड़ जाती है।
जापानी तट की गर्म धारा यह,
क्यूरायल की धारा से मिल जाती है।।

मध्य चीन से जापान तट तक,
क्यूरोशिया नाम से प्रचलित है।
गर्म- ठंडी धारा के मिलन स्थल पर,
प्रमुख मत्स्य क्षेत्र विकसित है।।

रचना
सीमा मिश्रा ( सहायक अध्यापिका)
कंपोजिट विद्यालय काजी खेड़ा
खजुहा फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान






# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## कनारी जलधारा

**08**

अन्ध महासागर में बहती है
महासागरीय धारा है।
मन्द-मन्द जो चलती है,
धारा नाम 'कनारी' है।।




अफ्रीका के पश्चिमी तट,
की बहती यह धारा है।
ठण्डी-ठण्डी महासागरीय धारा है,
धारा नाम 'कनारी' है।।

नियमित गति से बहती धारा है,
पूरब से पश्चिम को बहती धारा है।
कल-कल करती धारा है,
धारा नाम 'कनारी' है।।


रचना- सुनीता यादव (स०अ०)
कंपोज़िट विद्यालय भिठिया चिचड़ी
गिलौला, श्रावस्ती


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## फाकलैंड धारा

09

दो तरह की होती हैं समुद्री धाराएँ,
गर्म धाराएँ और ठण्डी धाराएँ।
पृथ्वी की उष्मा का संतुलन,
बनाती हैं महासागरीय धाराएँ।।




गर्म जलधारा निम्न अक्षांशों से,
उच्च अक्षांशों की ओर चलती है।
ठण्डी जलधारा उच्च अक्षांशों से,
निम्न अक्षांशों की ओर चलती है।।

शीतल जलधारा जाए जहाँ-जहाँ,
तापमान हो जाता है कम वहाँ-वहाँ।
दोनों धाराएँ मिलने पर कुहरा पडता है,
यह जल संचालन मे बाधा उत्पन्न करता है।।

अटलांटिक महासागर की धारा में,
एक धारा फाकलैंड धारा आती है।
यह समुद्री धारा अपने साथ बर्फ के,
बडे-बडे खंड बहाकर लाती है।।



रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना (कम्पोजिट)
वि० क्षे० व जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ



### लेब्राडोर धारा

10

ठण्डी-ठण्डी महासागरीय लेब्राडोर धारा,
रखती बड़ा ही अद्भुत नज़ारा।
डेविस स्ट्रेट और बेफ़िन की खाड़ी
यहाँ से होती लेब्राडोर जारी।।



न्यूफाउण्ड लैंड के तट से होकर,
ग्राण्ड बैंक के पूर्व में चलती।
50 डिग्री पश्चिम देशान्तर होकर,
पूर्व में गल्फ़ स्ट्रीम से मिलती।।

अंध महासागर ने पाया आकार,
अग्रेज़ी के 8 अंक के समान।
अंध महासागर ही मुख्यतः,
जलधारा के बहने का स्थान।।

अमेरिका के उत्तर-पूर्वी तट का,
कम हो जाता है तापमान।
जब वहाँ पर हो जाता है,
लेब्राडोर धारा का आगमन।।



रचना-
फ़राह हारून (प्र०अ०)
प्रा० वि० मढ़िया भांसी
सालारपुर, बदायूँ



## विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ



### ओयाशियो धारा

11

ओयाशियो होती ठण्डी धारा,
दक्षिण की ओर बहती धारा।
इसको कहते ओखोत्स्क,
या कहते कुरील धारा।।



आर्कटिक महासागर इसका उद्गम,
बेरिंग सागर बना इसका।
जलप्रवाह माध्यम,
प्रशांत महासागर में होता संगम।।

कुरोशियो धारा टकराती सुदूर,
ठण्डी गरम धारा है मशहूर।
है यह पोषक तत्वों से भरपूर,
मछलियां भी मिलती हैं खूब।।



रचना
स्मृति परमार (स०अ०)
प्रा० वि० मामूरगंज
कादरचौक, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ



## पश्चिम पवन धारा-
## दक्षिण प्रशांत महासागर

**12**

पश्चिम पवन धारा जब तोड़ती मर्यादा,
कर देती है ठण्डा, कम और ज्यादा।
दक्षिण गोलार्ध की पश्चिम पवन,
जब चलती मस्त मगन।।



उत्तरी गोलार्ध की पछुआ पवन,
रह जाती पीछे पवन।
दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया से निकली प्रथम धारा,
ऑस्ट्रेलियाई पश्चिम तट से मुड़ती दूसरी धारा।।

जहाँ से हवा जाती, शीघ्र ठण्डा कर जाती,
पृथ्वी के घूर्णन के कारण ब्राजील की पूर्व दिशा से।
मुड़कर पछुआ तीव्र पवनप्रवाह चलती,
ठण्डी धाराएँ तापमान को कम करती।।

बर्फबारी की दशा बढ़ती, तापमान कम करती,
उच्च अक्षांशो से निम्न अक्षांशों की।
ठण्डी जलधारा कहलाती,
मार्ग के जल का, तापमान कम कर जाती।।



रचना-
चंचल उपाध्याय (प्र०अ०)
प्रा० वि० कोट
बिसौली, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ




## इक्वटोरियल जलधारा

13

आओ सुनाएँ बात पते की।
एक बात विषुवतीय धारा की।।

दो होती जलधाराएँ।
एक है ठण्डी, गरम दूसरी।।



एक है अपवाह धारा।
एक है गल्फ़स्ट्रीम धारा।।

निम्न से उच्च अक्षांशों की।
दिशा में बहती गर्म जलधारा।।

उच्च से निम्न अक्षांशों की।
दिशा में बहती ठण्डी जलधारा।।

सूरज के तापमान से होती।
जलधाराएँ गर्म और ठण्डी।।

ब्राजील तट से टकराकर।
मेक्सिको खाड़ी में गिरती।।

३०० डिग्री उत्तरी अक्षांश तक।
फ़्लोरिडा धारा नाम से बहती।।



रचना- रजत कमल वार्ष्णेय
(स०अ०)
प्रा० वि० खंजनपुर
इस्लामनगर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

### बेंगुएला धारा

14



आओ बच्चों महासागरीय धारा से मिलवाते हैं,
ठण्डी महासागरीय धारा से परिचित करवाते हैं।
सागर से प्रस्फुटित प्रवाह समुद्री धारा बन जाती है,
ऐसा एक जल प्रवाह बेंगुएला धारा कहलाती है।।

आरम्भ धारा का पश्चिमी केप कोस्ट से होता है,
आगे बढ़ते-बढ़ते अंगोला तक प्रभाव दिखता है।
धारा से ही सम्भव वृद्धि पादप प्लवकों की होती है,
तभी मछलियाँ, शार्क, व्हेल्स की प्रचुर मात्रा मिलती है।।

धारा से ही नामिब मरुस्थल गुलज़ार होता है,
कोहरा और कुहासा घना भी घेरे रहता है।
मलबों का स्केलेटन कोस्ट पर ढेर दिखाई देता है,
दुर्घटनाग्रस्त जहाजी मलबा तीव्रता से ढेर होता है।।

ये दक्षिण अफ्रीका के पश्चिमी तट से टकराती है,
तट के सहारे उत्तर दिशा की ओर बहती इतराती है।
सागर से निकली पर ठण्डी जलधारा कहलाती है,
बहती चलती आगे बढ़ती धरा को हरित बनाती है।।



रचना
सुप्रिया सिंह (स०अ०)
कम्पोजिट स्कूल बनियामऊ
मछरेहटा, सीतापुर।

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान



# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ



## मोजाम्बिक धारा

15

महासागर के जल के सतत एवं निर्दिष्ट दिशा,
वाले प्रवाह को कहते हैं महासागरीय धारा।
महासागरीय धाराओं में महासागरों के अन्दर,
बहने वाली होती हैं उष्ण या शीतल धारा।।




अक्सर लगता है कि महासागरों,
का जल स्थिर हुआ करता है।
पर धाराओं मे उतार-चढाव,
निरन्तर हुआ करता है।।

मोजाम्बिक धारा भारतीय,
महासागर की है एक गरम धारा।
अफ्रीका के पूर्वी तट से जाती है,
और दक्षिण दिशा में जाती है।।

गर्म धाराएँ ठण्डे सागर,
की ओर बहती रहती हैं।
हिन्द महासागर की धाराओं की दिशा,
मौसमी हवाओं से निर्धारित होती है।।

रीना कुमारी (शिक्षक संकुल)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।
आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## उत्तरी अटलांटिक धारा

16



प्रमुख है उत्तरी अटलांटिक धारा,
कहलाती है यह गर्म जलधारा।
45 अंश उत्तरी अक्षांश के पास,
मिलती पश्चिमी देशान्तर के पास।।
तब बंट जाती गल्फस्ट्रीम धारा,
मिलकर बनती उत्तरी अटलांटिक धारा।
जन्म होता कई धाराओं का,
नाम प्रमुख है तीन धाराओं का।।
प्रथम है धारा नार्वे की,
दूसरी धारा इरमिंजर की।
तीसरी धारा ग्रीनलैंड की,
शाखा है उत्तरी अटलांटिक की।।
गर्म धारायें ठंडे भागों को,
गर्म करती सर्दी वाले देशों को।
तापमान को बढ़ाती गर्म धारायें,
ऊष्मा संतुलित करती पृथ्वी पर धारायें।।



रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
उच्च प्रा०वि० अमौली (संविलियन 1-8)
अमौली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान






# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## ब्राजील की धारा

17

महासागर के जल के सतत प्रवाह को,
कहते हैं महासागरीय धारा।
महासागरों में बहने वाली,
होती हैं ये उष्ण या शीतल नदियाँ।।



कुछ होती हैं गर्म धारा,
कुछ होती हैं ठण्डी धारा।
अटलांटिक महासागर में स्थित,
गर्म है ब्राजील की धारा।।

दक्षिणी विषुवत रेखीय धारा से,
दक्षिण-अमरीका में।
सेण्ट राक दीप से टकराकर,
बंटती दो शाखा में।।

एक शाखा उत्तर में जाती,
कहलाती उत्तरी ब्राजील धारा।
एक शाखा दक्षिण में जाती,
कहलाती दक्षिणी ब्राजील की
धारा।।



रचना
हेमलता गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429






# विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

## इरमिंजर धारा

18

महासागरों में नित बहती,
हर जगह कोई जलधारा।
प्रभावित होता है इनसे,
जीव-जंतु जगत सारा।।




उत्तरी अटलांटिक से निकलती,
देखो यह गर्म जल धारा।
क्रिस्चियन इरमिंजर के नाम।
पर यह इरमिंजर धारा।।

उत्तर में ही ये बहती,
गर्म जलधारा धीरे से।
यूरोप से थोड़ी दूर,
आइसलैंड के नीचे से।।



रचना-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर

# मिशन शिक्षण संवाद

## विश्व की प्रमुख समुद्री धाराएँ

### रचनाकारों की सूची

01- जितेन्द्र कुमार, बागपत
02- नैमिष शर्मा, मथुरा
03- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
04- दीपिका जैन, बदायूँ
05- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
06- शिखा वर्मा, सीतापुर
07- सीमा मिश्रा, फतेहपुर
08- सुनीता यादव, श्रावस्ती
09- ज्योति सागर, बागपत
10- फ़राह हारून, बदायूँ
11- स्मृति परमार, बदायूँ
12- चंचल उपाध्याय, बदायूँ
13- रजत कमल वार्ष्णेय, बदायूँ
14- सुप्रिया सिंह, सीतापुर
15- रीना कुमारी, बागपत
16- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
17- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
18- सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर

***तकनीकी सहयोग***
आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
मार्गदर्शन:- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद